कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांक : स्था0/460/2022/2671 दिनांक : 13/05/2022

–:: आदेश ::–

श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, रीडर/शेरिस्तेदार ग्रेड–II/कार्यालय सहायक, जो वर्तमान में इस न्यायक्षेत्र के अधीनस्थ न्यायालय– अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, क्रम–05, जयपुर महानगर–द्वितीय में पदस्थापित है, जो राजस्थान जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय स्थापना नियम, 1986 (यथासंशोधित) के तहत रीडर/शेरिस्तेदार ग्रेड–I के पद के लिये विहित अर्हता रखते है, को उक्त नियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुसार वरीयता–सह्–योग्यता के आधार पर एवं इस कार्यालय द्वारा गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 06.12.2019 से **रीडर/शेरिस्तेदार ग्रेड–I** के पद पर राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के तहत पे लेवल एल–11 (पूर्व वेतनमान में ग्रेड पे–4200/–) के अन्तर्गत नियमानुसार देय वेतन–भत्तों पर एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है।

श्री अग्रवाल की उपरोक्त पदोन्नति के तहत **संशोधित वरिष्ठता** इस कार्यालय द्वारा जारी रीडर/शेरिस्तेदार ग्रेड–II/कार्यालय सहायक की स्थाई वरीयता सूची, जो आदेश क्रमांक 4455 दिनांकित 16.11.2021 के द्वारा जारी की गई है, में क्रम सं. 01 के स्थान पर उक्त आदेश के अन्तर्गत जारी रीडर/शेरिस्तेदार ग्रेड–I की स्थाई वरीयता सूची में क्रम सं. 28 पर उल्लेखित कर्मचारी श्री रामकिशन जटिया एवं क्रम सं. 29 पर उल्लेखित कर्मचारी श्री गिरजेश कुमार शर्मा के मध्य निर्धारित की जाती है।

नोट :–

1. यदि श्री अग्रवाल का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उन्हें बिना किसी नोटिस के मूल पद पर प्रत्यावर्तित (Revert) कर दिया जावेगा।
2. श्री अग्रवाल को उपरोक्त पदोन्नति से संबंधित समस्त वित्तीय लाभ उक्त पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की दिनांक से देय होंगे।
3. उपरोक्त आदेश का इन्द्राज संबंधित कर्मचारी की सेवा–पुस्तिका में किया जावे।
4. उक्त कर्मचारी के पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जावेंगे।

Sd/-
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांक : स्था0/460/2022/2671 दिनांक : 13/05/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), जिला न्यायालय, जयपुर महानगर–द्वितीय।
02. श्रीमान् कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जयपुर शहर
03. संबंधित न्यायालय अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, क्रम–05, जयपुर महानगर–द्वितीय
04. संबंधित कर्मचारी श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल
05. सिस्टम ऑफिसर को न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
06. निजी पत्रावली
07. आदेश पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर–द्वितीय